भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3449
दिनांक 09 अगस्त, 2021

सीएनजी पाइपलाइन

3449. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र के उन क्षेत्रों के नाम क्या हैं जहां सीएनजी पाइपलाइन डाली जा रही है/डाले जाने का प्रस्ताव है;

(ख) उन कंपनियों के नाम क्या हैं जिन्हें महाराष्ट्र में सीएनजी पाइपलाइन के विस्तार का काम सौंपा गया है और क्या ये कंपनियां सीएनजी का प्रचालन भी करती हैं;

(ग) क्या डीलरशिप के वितरण के लिए कोई प्रावधान किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो डीलरशिप वितरण के मामले में संगत मानदंड का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के अनुसार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास और सीएनजी स्टेशनों की स्थापना के लिए कंपनियों को प्राधिकार प्रदान करने वाला प्राधिकरण है। पीएनजीआरबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन संबद्धता के विकास, प्राकृतिक गैस की उपलब्धता के साथ सीजीडी नेटवर्क विकसित करने हेतु प्राधिकार प्रदान करने के लिए भौगोलिक क्षेत्रों की पहचान करता है। महाराष्ट्र राज्य में जीए-वार प्राधिकृत कंपनी का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

सीएनजी पाइपलाइन के संबंध में दिनांक 9.8.2021 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3449 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्रम सं.	राज्य	भौगोलिक क्षेत्र (जीएज)	प्राधिकृत कम्पनी
1.	महाराष्ट्र	पालघर जिला और ठाणे ग्रामीण	गुजरात गैस लिमिटेड
		रायगढ़ जिला (पहले से प्राधिकृत क्षेत्र को छोड़कर)	महानगर गैस लिमिटेड
		पुणे जिला (पहले से प्राधिकृत क्षेत्र को छोड़कर)	टोरेंट गैस पुणे लिमिटेड
		रत्नागिरी जिला	यूनिसन एनविरो प्राइवेट लिमिटेड
		सोलापुर जिला	शोलागास्को प्राइवेट लिमिटेड
		कोल्हापुर जिला	एचपीओआईएल गैस प्राइवेट लिमिटेड
		अहमदनगर और औरंगाबाद जिले	भारत गैस रिसोर्सेज लिमिटेड
		लातूर और उस्मानाबाद जिले	यूनिसन एनविरो प्राइवेट लिमिटेड
		सांगली और सतारा जिले	भारत गैस रिसोर्सेज लिमिटेड
		सिंधुदुर्ग जिला	महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड
		मुंबई और ग्रेटर मुंबई	महानगर गैस लिमिटेड
		पिंपरी-छिंदवाड़ और आसपास के क्षेत्रों सहित पुणे शहर और हिंजवडी, चाकन, तलेगांवके आसपास के सटे हुए क्षेत्रों	महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड
		ठाणे शहरी और आसपास के नगर पालिकाओं	महानगर गैस लिमिटेड
2.	महाराष्ट्र और गुजरात	वलसाड (पहले से प्राधिकृत क्षेत्र को छोड़कर), धुले और नासिक जिले	महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड

****